>

Title: Need to allocate more funds under Multi Sectoral Development Plan for the overall development of Barabanki district in U.P.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): माननीय सभापति महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे मेरे लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी से संबंधित महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया। भारत सरकार के मल्टी सैक्टरल डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत देश के सभी मुस्लिम बाहुल्य जिलों में बजट का आबंटन किया गया था जिसमें मेरा लोकसभा क्षेत्र भी आता है। जनपद के विभिन्न कार्यों के लिए 51,70,00,000 रुपए का परिव्यय आरक्षित किया गया। इसमें से 50,77,00,000 रुपए का कार्य पूरा स्वीकृत हो गया। बताया गया है कि अवशेष 92.79 लाख का कार्य प्रस्ताव राज्य सरकार के पास लंबित है। इस प्रकार बाराबंकी जनपद के लिए भारत सरकार द्वारा मल्टी सैक्टरल डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत कुल बजट समाप्त हो गया है। जिले की स्थिति को देखते हुए और अधिक बजट देने की आवश्यकता है। अतः मेरा निवेदन है कि बाराबंकी जनपद के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार किन्तूर, सुबेहा, हसनपुर टांडा, लालपुर करोता, गणेशपुर, हैदरगढ़, बासा, ब्याहारा के लिए बालिका इन्टर कालेज खोलने जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यों के लिए अतिरिक्त धनराशि का आबंटन किया जाए ताकि बाराबंकी जैसे पिछड़े अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र में समुचित विकास कार्य किया जा सके जो अन्य जनपदों के मुकाबले अधिकांश विकास मानकों में बुरी तरह पिछड़ा हुआ है। संतुलित विकास तथा इस जनपद की आवश्यकताओं के ध्यान में रखते हुए विशेष सहायता के रूप में अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया जाए। धन्यवाद।